## अधिसूचना

नई दिल्ली, 9 मई, 2003

का.आ. 527(अ).—जबकि, आयकर अधिनियम 1961 ( 1961 का 43) की धारा 35 क ग के स्पष्टीकरण के खण्ड ( ख) के साथ पठित उपधारा ( 1) के अन्तर्गत जारी की गई भारत सरकार, वित्त मंत्रालय ( राजस्व विभाग) की दिनांक 29 मार्च, 1994 की अधिसूचना सं0 सां0 आ0 267 अ0) द्वारा केन्द्रीय सरकार ने एस0ओ0 एस0 चिलड्रन्स विलेज ऑफ इण्डिया, ए-38 कैलाश कालोनी, नई दिल्ली-110048 द्वारा निराश्रितों, अनाथों और परित्यक्त बच्चों को मुफ्त कपड़े, शिक्षा, आश्रय और पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराने वाले मौजूदा 27 गांवों के प्रशासन और रख-रखाव की परियोजना या स्कीम को कर निर्धारण वर्ष 1995-1996 से आरम्भ होने वाले वर्ष से तीन वर्षों की अवधि के लिए एक पात्र परियोजना अथवा स्कीम के रूप में क्रम संख्या 6 पर विनिर्दिष्ट किया था; जिसे बाद में दिनांक 19 मई, 1997 की अधिसूचना सं0 सां0 आ0 390 ( अ0) द्वारा कर निर्धारण वर्ष 1998-1999 से आरंभ होने वाले वर्ष से तीन वर्षों की अवधि के लिए आगे बढ़ाया गया था; जिसे बाद में

दिनांक 21 सितम्बर, 2000 की अधिसूचना सं0 सां0 आ0 852 ( अ0) द्वारा कर निर्धारण वर्ष 2001-2002 से आरंभ होने वाले वर्ष से तीन वर्षों की अवधि के लिए आगे बढ़ाया गया था;

और जबकि उक्त परियोजना या स्कीम के आठ वर्षों से अधिक चलने की संभावना है ;

और जबकि राष्ट्रीय समिति का यह समाधान हो जाने पर कि उक्त परियोजना अथवा स्कीम उपर्युक्त रूप से निष्पादित की जा रही है, समिति ने आयकर नियमावली 1961 के नियम 11 ड के उपनियम ( 5) के अन्तर्गत उक्त परियोजना अथवा स्कीम को तीन वर्षों की आगे की अवधि के लिए विनिर्दिष्ट करने की सिफारिश की है ;

इसलिए अब केन्द्रीय सरकार आयकर अधिनियम 1961 ( 1961 का 43) की धारा 35 क ग के स्पष्टीकरण के खण्ड ( ख) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एस0ओ0 एस0 चिलड्रन्स विलेज ऑफ इण्डिया, ए-38 कैलाश कालोनी, नई दिल्ली-110048 द्वारा निराश्रितों, अनाथों और परित्यक्त बच्चों को मुफ्त कपड़े, शिक्षा, आश्रय और पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराने वाले मौजूदा 27 गांवों के प्रशासन और रख-रखाव की चलाई जा रही परियोजना या स्कीम को कर निर्धारण वर्ष 2004-2005 से प्रारंभ होने वाले वर्ष से तीन कर निर्धारण वर्षों की आगे की अवधि के लिए मात्र बत्तीस करोड़ इकानवे लाख रूपए ( एक करोड़ पच्चास लाख रूपए की कार्पस निधि सहित) रूपए की अनुमानित लागत पर एक पात्र परियोजना अथवा स्कीम के रूप में विनिर्दिष्ट करती है ।

[सं. 118-2003/फा. सं. एन.सी.-53/2003]

जी.सी. श्रीवास्तव, सचिव (राष्ट्रीय समिति)